पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

कैंसर पर विजय प्राप्त करने वाले युवा समाजसेवी राज्यपाल से मिले

लखनऊः 21 जून, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में इलाहाबाद के समाजसेवी एवं कैंसर रोग पर विजय प्राप्त करने वाले 34 वर्षीय श्री पंकज रिजवानी ने भेंट की। राज्यपाल ने श्री रिजवानी के समाज सेवा के कार्यो की प्रशंसा की और कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वरीय सेवा हैं।

उल्लेखनीय है कि श्री पंकज रिजवानी को वर्ष 2003 में कैंसर हुआ था। वे कैंसर जैसे गम्भीर रोग पर विजय प्राप्त करने के बाद कैंसर पीड़ित रोगियों की मदद कर समाज सेवा के कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने अब तक अनेक गरीब और असहाय लोगों की मदद की है। श्री रिजवानी ने पिछले 14 वर्षों में लगभग 150 कैंसर पीड़ित मरीजों की मदद कर चुके हैं। उन्हें कई अवार्ड भी प्राप्त हो चुके हैं।

राज्यपाल ने अपने बारे में बताया कि उन्हें भी वर्ष 1994 में कैंसर हुआ था और स्वस्थ होने के बाद आज भी कार्य कर रहे हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (248/25)

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल
16 श्री मोतीलाल वोरा 25-05-1993 - 03-05-1996
17 श्री मो. शफ़ी कुरैशी 03-05-1996 - 19-07-1996
18 श्री रोमेश भण्डारी 19-07-1996 - 17-03-1998
19 श्री मो. शफ़ी कुरैशी 17-03-1998 - 19-04-1998
20 श्री सूरज भान 20-04-1998 - 23-11-2000
21 श्री विष्णुकान्त शास्त्री 24-11-2000 - 03-07-2004
22 श्री सुदर्शन अग्रवाल 03-07-2004 - 08-07-2004
23 श्री टी. वी. राजेस्वर 08-07-2004 - 27-07-2009
24 श्री बी. एल. जोशी 28-07-2009 - 23-06-2014
25 डॉ.अज़ीज़ कुरैशी 23-06-2014 - 22-07-2014
26 श्री राम नाईक 22-07-2014 - वर्तमान मे